Raj Express (Indore), 23rd August 2026, Page – 02

आईआईटी, आईआईएम समेत 130 संस्थान बताएंगे प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका

कंट्रीब्यूशन ऑफ सेंट्रली फंडेड इंस्टीटयूशनस फॉर समृद्ध मध्यप्रदेश @2047 पर राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव 24 अगस्त को, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

● भोपाल / प्रशासनिक संवाददाता

समृद्ध मध्यप्रदेश @2047 के लक्ष्य को लेकर 24 अगस्त को भोपाल में राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव आयोजित होगा।

इसमें आईआईटी इंदौर, आईआईएम इंदौर, एम्स भोपाल, आईआईएसईआर भोपाल, मैनिट भोपाल, इसरो, डीआरडीओ समेत 130 से अधिक केंद्रीय और राज्य स्तरीय संस्थान शामिल होंगे। कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम वन इंस्टीट्यूट-वन प्रॉमिस रखी गई है। इसके तहत प्रत्येक सहभागी संस्थान मध्यप्रदेश के विकास के लिए एक सार्थक और क्रियान्वयन योग्य संकल्प देगा। इन संकल्पों को प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं से जोड़कर संयुक्त शोध, तकनीकी समाधान, परियोजनाओं और क्षमता निर्माण के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

कॉन्क्लेव में 59 केंद्रीय संस्थानों, 26 राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों, 11 शासकीय इंजीनियरिंग और 19 शासकीय मेडिकल कॉलेजों, 8 राज्य स्तरीय शोध संस्थानों तथा 9 चयनित निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। राज्य के कृषि, उद्यानिकी, पर्यावरण, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य, एमएसएमई, नगरीय विकास, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, औद्योगिक विकास, जनजातीय कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग अपनी प्राथमिकताएं और चुनौतियां संस्थानों के सामने रखेंगे।

कॉन्क्लेव के दौरान सुशासन संस्थान और केंद्रीय संस्थानों के बीच एमओयू भी किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सरकार, शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग और नवाचार के बीच ऐसा संस्थागत सहयोग विकसित करना है, जिससे मध्यप्रदेश की विकास जरूरतों के लिए विशेषज्ञता और तकनीक का सीधे इस्तेमाल हो सके।